तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 17.0 डिग्री

हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार 1 फरवरी 2024

[ बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला ]





08 दतान स्कूल में मनी गांधीजी की पुण्य तिथि



10 अंचल में मना सकट चौथ, महिलाओं ने संतान की...


## खबर संक्षेप

### मुसवाडीह सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव ध्वस्त



**हिरमी-रावन।** मुसवाडीह सरपंच के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव 4 पंचों के अनुपस्थित के कारण ध्वस्त हो गया। 12 पंचों में से मात्र सरपंच सहित 9 पंच ही उपस्थित हुए, जिसमें सरपंच के खिलाफ 9 वोट चाहिए था जिसमें 4 पंच मतदान से ही बाहर होने के कारण सरपंच के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव खारिज हो गया। विगत दिनों ग्राम पंचायत मुसवाडीह में पंचों द्वारा अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था। सरपंच सुशीला वर्मा ने कहा यह जीत ग्रामवासियों की जीत है। मुसवाडीह पंचायत के विकास में कोई कमी नहीं आएगी। सच्चाई की जीत हुई है। वहीं पीठासीन अधिकारी प्रक्रिया पूरी कराई।

### शराब पिलाने की सुविधा देने पर जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** कोमाखान पुलिस ने लोगों को शराब पिलाने की सुविधा देने वाले कन्हैया लाल धीवर पिता रामचंद्र (46) साल ग्राम लुकुपाली के खिलाफ कार्रवाई करते हुए धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

### फांसी लगाकर आत्महत्या

**महासमुंद।** सिंघोड़ा मंदिर पहाड़ के पीछे ग्राम मुरैन के निवासी अनंत भोई पिता निरंजन भोई (42) ने अज्ञात वजहों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। सूचना पर सिंघोड़ा पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### दो थानों में मारपीट के दो मामले

**महासमुंद।** बागबाहरा एवं महासमुंद थानों में मारपीट के मामले में जुर्म दर्ज किया गया है। बागबाहरा पुलिस ने बताया कि ग्राम चारभांठा बागबाहरा के निवासी प्रेमलाल धृतलहरे पिता पुनीतराम (44) के साथ गांव के नीलकंठ ब्रम्हदेव पिता धरमु ब्रम्हदेव व अन्य दो लोगों ने गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। वहीं दूसरे मामले में कोतवाली पुलिस ने बताया कि प्रार्थी मनीराम पैकरा पिता रामजी पैकरा (34) ग्राम दशरमा भटगांव जिला बलौदाबाजार के साथ सिध्दू सेंद्रे एवं उसके दो अन्य साथी निवासी ने कांग्रेस चौक के पास गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। इन मामलों में आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 के तहत अपराध कायम किया गया है।

### सुरक्षा कानून बिल पास कराने की मांग

**महासमुंद।** अधिवक्ता सुरक्षा कानून बिल पास कराने एवं अधिवक्ता कल्याण निधि की राशि 10,00000 रुपए करने की मांग को लेकर अधिवक्ता संघ महासमुंद के सदस्यों ने गृह व विधि मंत्री अरुण साव से मुलाकात की। जिला अधिवक्ता संघ महासमुंद के उपाध्यक्ष नरेंद्र सिन्हा, कोषाध्यक्ष शिव भारद्वाज, सचिव नूतन कुमार साहू, जनक राम साहू, राजेंद्र साहू, प्रलय थिटे, योगेश चंद्राकर, भरत ठाकुर, ओम शुक्ला, संजय गिरी ने ज्ञापन सौंपा।

### घोयनाबाहरा में भागवत कथा 3 फरवरी से

**कोमाखान।** ग्राम घोयनाबाहरा कला में श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन तीन फरवरी से 11 फरवरी तक होगा। ज्ञान यज्ञ सप्ताह के आयोजक झंगल राम साहू, श्रीमती बेदबाई साहू ने बताया कि प्रथम दिवस तीन फरवरी को ग्राम भ्रमण हेतु एक भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी।

# अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन करते 5 हाईवा जब्त, अब तक 26 वाहनों पर हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

राज्य शासन के निर्देश पर जिले में अवैध खनिज परिवहन के मामलों में तेजी से कार्रवाई की जा रही है। अवैध रेत मुरूम खनन एवं परिवहन के विरुद्ध प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की गई। इसके तहत 14 दिनों में 26 प्रकरणों पर 5 लाख 10 हजार रूपये से अधिक का जुर्माना लगाया गया है।

जब्त गाड़ियों में एक सोल्ड सहित 18 ट्रैक्टर, 2 चैन माउंटेन, 6 हाईवा समेत कुल 26 गाड़ियां शामिल हैं। खनिज शाखा से प्राप्त जानकारी अनुसार 15 जनवरी को रेत से भरे ट्रैक्टर सीजी 22 टी 4625, सीजी 04 पीसी 4704, सीजी 04 एमएस 6405, 16 जनवरी को 2 माउंटेन चैन ओडी 08, टी 0336, ओडी 08 टी 2700, 17 जनवरी को ट्रैक्टर सीजी 04 एमई 2035, 19 जनवरी को 5 रेत से भरे हाईवा डोंगरीडीह से सीजी 22 एक्स 7336, सीजी 28 पी 8255, सीजी 28 एन 7310, सीजी 28 क्यू 1811, सीजी क्यू 1844 शामिल हैं। इसी तरह 29 जनवरी को ट्रैक्टर सीजी 22 एसी 1082, सीजी 04 एलएल 6090, सीजी 04 एचएल 8339, सोल्ड ट्रैक्टर, सीजी 04 एलजे 1531, सीजी 04 पीएफ 7468, सीजी 04 एनबी 9376 शामिल हैं। इसके साथ ही बुधवार को 1 ट्रैक्टर बोल्डर के परिवहन करते, 5 ट्रैक्टर रेत के परिवहन करते एवं 1 चूना पत्थर से भरे हाईवा को जब्त किया गया है। सभी गाड़ियां को नजदीकी थाने के सुपुर्दगी में रखा गया है।

**5 लाख से अधिक का लगाया गया जुर्माना**





### खनिज एक्ट के तहत कार्रवाई की

उक्त प्रकरणों के निराकरण से कुल 5 लाख 10 हजार अर्थदंड राशि की वसूली की जाएगी, जो शासन के राजस्व में जमा होगी। यह सभी कार्रवाई छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 एवं एमएमडीआर एक्ट 1957 की धारा 21 से 23 के अंतर्गत की गई है। इन वाहन मालिकों पर नियमानुसार जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है।

## खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई, चालक दस्तावेज पेश नहीं कर सकें

# अवैध धान खपाने की कोशिश, जब्त दोनों वाहन कसडोल मंडी के हवाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



अवैध धान परिवहन एवं संग्रहण में रोक लगाने कलेक्टर चंदन कुमार द्वारा राजस्व, खाद्य, सहकारिता, मण्डी के अधिकारी-कर्मचारियों को लगातार निगरानी करने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत कसडोल विकासखण्ड अंतर्गत रात्रि में मण्डी एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा स्वराज माजदा सीजी 10 सी 8046 के चालक दिगम्बर कश्यप निवासी ग्राम झबडी जो कि मण्डी विभाग के अधिकृत अनुज्ञप्ति धारी धान व्यापारी है एवं वाहन कमांक सीजी 04 डब्ल्यू 1711 वाहन चालक जितेन्द्र जायसवाल निवासी ग्राम सुकली जो कि मण्डी विभाग के अधिकृत अनुज्ञप्ति धारी धान व्यापारी द्वारा अवैध रुप से धान परिवहन करते पाया गया। धान परिवहन के संबंध में पूछताछ करने पर संतोषप्रद जवाब नहीं दे पाये और न ही किसी प्रकार के वैध दस्तावेज बिल बिजक पत्रक प्रस्तुत कर पाए। उक्त अभियुक्त के खिलाफ कृषि उपज मण्डी अधिनियम के तहत धान को जब्त कर आवश्यक कार्रवाई के लिए कृषि उपज मण्डी कसडोल की सुपुर्दगी में रखा गया है। उक्त प्रकरण को कलेक्टर को आवश्यक कार्यवाही के लिए प्रस्तुत किया जा रहा है। उनके निर्देश उपरांत आगामी अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

खाद्य अधिकारी विमल दुबे ने बताया कि कलेक्टर श्री कुमार के निर्देश पर धान खरीदी तक राजस्व, खाद्य, सहकारिता, मण्डी के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा लगातार निगरानी एवं जांच की जावेगी एवं धान खरीदी के अंतिम दिवस 31 जनवरी को उपार्जन केन्द्र हेतु नियुक्त नोडल अधिकारी (ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी और पटवारी) से सत्यापन का कार्य पूर्ण कराकर अंतिम खरीदी प्रमाण पत्र भी लिये जाने के निर्देश कलेक्टर चंदन कुमार द्वारा दिये गये हैं।

### अब तक 8 लाख 7 हजार मीटरिक टन धान की खरीदी

जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार जिले के कुल 1 लाख 60 हजार 811 पजीकृत किसान है, जिसमें से आज दिनांक तक 1 लाख 50 हजार 871 किसानों ने 8 लाख 7 हजार 367 में टन धान की बेच चुके हैं।

# जमीन की हेराफेरी के लिए रची साजिश, पटवारी निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

षडयंत्र पूर्वक जमीनों की हेराफेरी करने के आरोप में बलौदाबाजार तहसील अंतर्गत ग्राम दशरमा में पदस्थ तत्कालीन पटवारी नंदराम साहू को कलेक्टर चंदन कुमार ने निलंबित किया है। आवेदक रोमियो साहू पिता लक्ष्मीनारायण साहू निवासी पहंदा रोड बलौदाबाजार द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया कि अनावेदकगण पदुमनलाल पिता चौतूराम साहू निवासी ग्राम दशरमा एवं 1 अन्य द्वारा तत्कालीन पटवारी नंदराम साहू, प.ह.नं. 18, दशरमा के साथ षड्यंत्र पूर्वक ग्राम दशरमा प.ह.नं. 18 रा.नि.मं. बलौदाबाजार स्थित भूमि खसरा नं.47/1, 47/4 रकबा 0.021 हेक्टेयर, जो लोक निर्माण विभाग द्वारा बायपास रोड हेतु अधिग्रहित किया गया था। उसका बिक्री नकल जारी कर आवेदक को विक्रय कर दिया गया है।

उक्त शिकायत की जांच अनुविभागीय अधिकारी (रा) बलौदाबाजार से कराई गई। अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बलौदाबाजार द्वारा जांच दल का गठन किया गया। जांच दल द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन अनुसार आवेदक रोमियो साहू पिता लक्ष्मीनारायण साहू द्वारा आवेदन पत्र में उल्लेखित तथ्य प्रथम दृष्टया सही पाया गया, जो कि छ.ग. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के (1) (2) एवं (3) के सर्वथा विरूध्द है। अतः छ.ग. सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील 1966 के नियम 9 के प्रावधानानुसार तत्कालीन पटवारी हल्का नं.–18, दशरमा श्री नंदराम साहू, वर्तमान पटवारी ह.नं.–04, रसेड़ा तहसील बलौदाबाजार को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है तथा विभागीय जांच संस्थित किया जाता है।

निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बलौदाबाजार नियत किया जाता है। निलंबन अवधि में उक्त कर्मचारी को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। इसके साथ ही छ.ग. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम–14(2) 5 (क) के तहत अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बलौदाबाजार को विभागीय जांच अधिकारी एवं छ.ग. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम–14 (5) (ग) के अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# बिना अनुमति डीजे व धुमाल बजाने पर कार्रवाई होगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

■ थाना प्रभारी ने ली डीजे व धुमाल संचालकों की बैठक

अनुविभागीय पुलिस अधिकारी आशीष अरोरा के मार्ग दर्शन में भाटापारा शहर थाना परिसर में बुधवार को थाना प्रभारी योगिता बाली खापर्डे ने डीजे व धुमाल संचालकों की आवश्यक बैठक ली। इसमें प्रभारी ने मौजूद डीजे व धुमाल संचालकों को कोलाहल अधिनियम व सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के तहत कार्य करने की हिदायत दी। उन्होंने संचालकों को एसडीएम की अनुमति के ▶▶ शेष पेज 8 पर

# जिले में अब 4 फरवरी तक होगी समर्थन मूल्य पर धान खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

■ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किसानों के हित में लिया बड़ा फैसला

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य के किसानों के हित में एक बड़ा फैसला लेते हुए समर्थन मूल्य पर धान खरीदी अवधि को 4 दिन और बढ़ा दी है। किसानों से अब 4 फरवरी रविवार तक धान की खरीदी की जाएगी। मुख्यमंत्री ने राज्य में रिकार्ड धान खरीदी के बावजूद किसानों को धान बेचने में किसी तरह की परेशानी न हो इसको ध्यान में रखते हुए यह संवेदनशील फैसला लिया है। गौरतलब है कि राज्य में चालू खरीफ विपणन वर्ष में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की अंतिम तिथि 31 जनवरी निर्धारित है। धान खरीदी के लिए मात्र एक दिन और शेष है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने धान बेचने से शेष रह गये किसान भी आसानी से अपना धान बेच सकें, इसको ध्यान में रखते हुए धान खरीदी 4 फरवरी तक किए जाने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए हैं। मुख्यमंत्री ने राज्य में शनिवार 3 फरवरी एवं रविवार 4 फरवरी को भी उपार्जन केन्द्रों में धान की खरीदी सामान्य दिनों की तरह करने को कहा है। यहां यह उल्लेखनीय है कि विपणन वर्ष में धान खरीदी के लिए निर्धारित अवधि में ▶▶ शेष पेज 8 पर

# दामाखेड़ा में 14 से 25 फरवरी तक चलेगा संत समागम, तैयारी शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

■ कलेक्टर ने तैयारी के संबंध में दिए विस्तृत निर्देश

कबीर नगर दामाखेड़ा में 14 से 25 फरवरी को माघ मेला के अवसर पर विशाल संत समागम समारोह आयोजित किया जाएगा। इसमें देश–विदेश से लाखों श्रद्धालु इस मौके पर जुटेंगे। कलेक्टर चंदन कुमार ने सभी अधिकारियों की बैठक कर प्रारंभिक तैयारी करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को शत-प्रतिशत तैयारी मेला प्रारंभ होने के तीन दिन पूर्व करने कहा है। कलेक्टर श्री कुमार ने कहा कि दामाखेड़ा की महिमा के अनुरूप तमाम प्रशासनिक तैयारियां की जाएगी। उन्होंने मेला में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पेयजल की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश पीएचई विभाग के अधिकारियों को दिए। मेला के दौरान निरंतर बिजली आपूर्ति बनाए रखने के लिए पर्याप्त ट्रांसफार्मर के साथ जनरेटर का इंतजाम भी रखने को कहा है। मेला में आने वाले श्रद्धालुओं को आस–पास के गांवों के स्कूल, सामुदायिक भवन और हॉस्टलों में भी ठहराया जाएगा। साफ–सफाई की समुचित तैयारी रहेगी। सिमगा और भाटापारा नगरीय निकाय से सफाई-कर्मचारी दिन–रात तैनात रहेंगे। यातायात एवं पार्किंग के लिए पुलिस विभाग को जिम्मेदारी सौंपी गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 24 घण्टे चिकित्सा सुविधा मुहैया कराई जाएगी। भाटापारा और बलौदाबाजार से एम्बुलेंस और संजीवनी एक्सप्रेस वाहन मुस्तैद रहेंगे। आश्रम द्वारा भोजन भण्डारा की व्यवस्था की जाएगी। मेला शुरू होने के पहले फड से धान का उठाव और परिवहन पूर्ण किए जाने के निर्देश डीएमओ को दिए गए। मेला स्थल पर अस्थाई शौचालय और स्नानागार बनाया जाएगा। फायर ब्रिगेड की व्यवस्था भी तैनात रहेगी। ग्राम पंचायत भवन में मेला के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित किया जाएगा। बैरिकेडिंग ▶▶ शेष पेज 8 पर

## जिले में सिकल सेल की पहचान हेतु की जा रही जांच

# जिले अब तक 89 हजार 436 लोगों की हुई सिकलसेल जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



जुलाई 2023 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मध्यप्रदेश के शहडोल से राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन की शुरुआत की थी। इसके तहत जनजातीय क्षेत्र एवं इस बीमारी की आशंका वाले क्षेत्रों में यह कार्यक्रम मिशन मोड में चलाया जा रहा है। इसके तहत शून्य से चालीस वर्ष के व्यक्ति की जांच की जा रही है। कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा तेजी से इस पर कार्य किया जा रहा है। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एमपी महिस्वर ने बताया कि जिले में इस हेतु सभी को प्रतिदिन का लक्ष्य दिया गया है। जिला अस्पताल को 200, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को 100, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को 50, जबकि सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक, एएन एम को 20–20 प्रतिदिन का लक्ष्य दिया गया। स्कूलों में जानी वाली चिरायु टीम को भी 100 का लक्ष्य दिया गया है। जिले अब तक 89 हजार 436 लोगों का सिकलसेल जांच की गई है। इसमें विकासखंड बलौदाबाजार में 19 हजार 705, भाटापारा में 18 हजार 37, कसडोल में 17 हजार 154, पलारी में 15 हजार 983 तथा सिमगा में 18 हजार 557 लोगों की सिकल सेल की जांच की जा चुकी है।

गौरतलब है कि सिकल सेल रोग एक आनुवंशिक रोग है जो एक पीढ़ी से अगली पीढ़ी में जीन्स के माध्यम से हस्तांतरित होता है। इस रोग में शरीर की लाल रक्त कोशिकाएं हंसिया के आकार में बन जाती हैं एवं जल्दी नष्ट हो जाती हैं, जिससे स्वस्थ लाल रक्त कोशिकाओं की कमी हो जाती है, और नसों में खून का बहाव भी रुक सकता है। इससे दर्द होता है और खून की कमी हो जाती है। इस रोग का कोई उपचार नहीं है। बस सावधानी रखने पर परेशानी से बचा जा सकता हैं। हाथ पैरों में दर्द, कमजोरी, सीने में दर्द, किसी प्रकार का संक्रमण इसमें हो सकता है। सिकल सेल से पीड़ित व्यक्ति दो प्रकार का होता है, पहला वाहक व्यक्ति जिसमें सिकलसेल के लक्षण तो नहीं होते, परंतु वह सिकलसेल रोग अपने बच्चों को हस्तांतरित कर सकता है। दूसरा जिसमें रोग के लक्षण होते हैं और वह रोग हस्तान्तरित कर सकता है। सिकल सेल आने वाली पीढ़ी में हस्तांतरित ना होने पाए तथा रोग पाए जाने पर किस प्रकार की सावधानी बरती जा सकती है, इसके लिए अपने सिकल सेल की स्थिति जानना अति आवश्यक है। इसी उद्देश्य से जिले भर में सिकल सेल जांच व्यापक स्तर पर की जा रही है। कलेक्टर चंदन कुमार ने सभी जिलावासियों से अपनी सिकल सेल की स्थिति जानने के लिए अधिक से अधिक जांच करवाने की अपील की है।

### जुआ खेल रहे 3 लोग पकड़े गए, 7060 रुपए बरामद

**महासमुंद।** काट पत्ती नाम का जुआ खेल रहे लोगों को पुलिस ने धर दबोचा है। बुंदेली चौकी के अंतर्गत ग्राम भुरकोनी में जुआ खेल रहे 3 लोगों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए इनके खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि भुरकोनी कटेल खार में कुछ लोग काट पत्ती नामक जुआ खेल रहे हैं। पुलिस टीम कटेल खार पहुंची तो जुआ खेल रहे इन लोगों को पुलिस ने घेराबंदी पकड़ा, इस दौरान कुछ लोग भाग निकले। पकड़े गए जुआरियों में ने पूछताछ के दौरान अपना नाम लतीफ पिता करीम हुसैन (21) निवासी कोल्दा, मुकेश पिता स्व. राधेश्याम अग्रवाल (50) निवासी पिथौरा, संजू पिता हंसदास मानिकपुरी (34) निवासी बुंदेली को मौके से पकडा और इनके कब्जे से कुल 7060 रुपए नगद जब्त करते हुए छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3(2) के तहत कार्रवाई की।


**पाठक सूचना**

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468

## खबर संक्षेप

### गांधी की पुण्यतिथि पर स्वच्छता अभियान



**महासमुंद।** 30 जनवरी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर बेलसोंडा में स्थित माता कस्तूरबा ट्रस्ट के बस्तर के नक्सली प्रभावित बालिकाओं के साथ उपसरपंच हुलसी चंद्राकर ने विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाया। साथ ही गांव को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। इस दौरान अधीक्षिका हेमलता चंद्राकर, मनोरमा स्वाई, बालिकाओं ने स्वछता अभियान में हिस्सा लिया।

### देवेंद्र को विहिप, बजरंग दल का विधि प्रकोष्ठ का मिला दायित्व

**सरायपाली।** हिंदू समाज को विधिक तौर पर मजबूत करने विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के नेतृत्व में सरायपाली के वरिष्ठ अधिवक्ता देवेंद्र शर्मा को विधि प्रकोष्ठ का दायित्व दिया गया है। इस संबंध में मयंक पाणिग्रही ने कहा कि हिंदू गरीब परिवार को सहयोग और संगठन के कार्यकर्ताओं को विधि क्षेत्र में मार्गदर्शन मिले और बजरंगियों पर लगने वाले झूठे आरोप, फर्जी एफआईआर दर्ज और क्षेत्र में हो रहे गौ तस्करी, धर्मांतरण, लव जिहाद आदि जैसे असामाजिक तत्वों को सबक सिखाएगी। शर्मा ने हिंदू समाज के प्रमुख विषयों पर विधिक सेवा देने की बात कही। बैठक में चर्चा हुई कि आगामी हिंदू नववर्ष, रामनवमी जैसे अनेक हिंदू महापर्व को भी भव्य रूप से मनाया जाएगा।

### किसान अब 4 तारीख तक समर्थन मूल्य पर बेच सकेंगे अपना धान

**महासमुंद।** तुमगांव सिरपुर मंडल अध्यक्ष पप्पू पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने एक बड़ा फैसला लेते हुए धान खरीदी की तिथि बढ़ाई है। अब किसान 4 फरवरी तक अपना धान बेच सकेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के धान खरीदी की तिथि में वृद्धि के आदेश का समाचार सुनते ही किसानों में खुशी का माहौल है। मुख्यमंत्री के इस फैसले पर तुमगांव सिरपुर मंडल के कार्यकर्ताओं व किसानों ने आभार जताया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य के किसानों के हित में एक बड़ा फैसला लेते हुए समर्थन मूल्य पर धान खरीदी अवधि को 4 दिन और बढ़ा दिया है। किसानों से अब 4 फरवरी रविवार तक धान की खरीदी की जाएगी। मुख्यमंत्री ने राज्य में रिकार्ड धान खरीदी के बावजूद किसानों को धान बेचने में किसी तरह की परेशानी न हो इसको ध्यान में रखते हुए यह संवेदनशील फैसला लिया है। विगत दिनों तुमगांव सिरपुर मंडल के ग्राम बेलटुकरी,अछोली, बड़गांव, पिरदा, तुमगांव, अछोला, बिरकोनी, जलकी, कुकरडीह, गढ़सिवनी, सिरपुर,मालीडीह, गुरुडीह के किसानों ने विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा से मिलकर अपनी धान खरीदी धान नही बिकने की समस्याओं को रखा था, जिससे विधायक ने संज्ञान में लेते हुए तुरंत ही मुख्यमंत्री से आग्रह किया था। लोकसभा कार्यालय के उद्घाटन में आए उपमुख्यमंत्री अरुण साव से भी इस विषय पर चर्चा कर विधायक सिन्हा ने आग्रह किया था।

## सुविधा: ऐसे हितग्राही स्वयं के मोबाइल से राशनकार्ड नवीनीकरण के लिए कर सकेंगे एप्लाई

# पलायन हुए लोगों के राशन कार्डों का भी किया जाएगा नवीनीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत प्रचलित राशनकार्डों का नवीनीकरण अभियान 25 जनवरी से प्रारंभ हुआ है। सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के साथ साथ छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के ऐसे नागरिक पलायन या अन्य किसी कारणवश राज्य से बाहर हैं, उनको राशनकार्ड नवीनीकरण कार्य के लिए घबराने की जरूरत नहीं है। राशनकार्डों के नवीनीकरण के लिए हितग्राही द्वारा आवेदन 15 फरवरी तक लिया जाएगा। इसमें कम से कम एक सदस्य का ई-केवायसी पूर्ण हो, अत्यधिक वृद्ध तथा शारीरिक रूप से निःशक्त ऐसे हितग्राही जिनके लिए नामिनी नियुक्त हैं, उन्हें इस प्रावधान से छूट होगा। नवीनीकरण के पश्चात राशनकार्डों वितरण 1 फरवरी से 29 फरवरी तक किया जाएगा।

### राशनकार्ड नवीनीकरण की प्रक्रिया

राशन कार्डधारियों की सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए राशनकार्डों के समयबद्ध नवीनीकरण के लिए आवेदनों की प्राप्ति खाद्य विभाग द्वारा तैयार एप्प के जरिये की जाएगी। यह एप्प हितग्राही द्वारा अपने मोबाइल में अथवा उचित मूल्य दुकानों में संधारित टैबलेट अथवा दुकान संचालक के पंजीकृत एंड्रायड मोबाइल में डाउनलोड कर इसके जरिये आवेदन की प्रस्तुति की जा सकेगी। राशनकार्ड का नवीनीकरण का आवेदन खाद्य विभाग द्वारा तैयार एप्प के माध्यम से किया गया है। यह एप्प हितग्राही द्वारा खाद्य विभाग की वेबसाईट से डाउनलोड किया जा सकेगा। राशनकार्डधारी द्वारा अपने एंड्रायड मोबाइल फोन में स्वयं खाद्य विभाग के एप्प को डाउनलोड करने के उपरांत इसके जरिये राशनकार्ड के प्रथम पृष्ठ में पूर्व से उपलब्ध क्यूआर कोड को स्कैन कर नवीनीकरण हेतु इलेक्ट्रानिक आवेदन प्रस्तुत किया जाएगा। राशनकार्ड के क्यूआर कोड को स्कैन करते ही राशनकार्ड नंबर मुखिया का नाम, पति या पिता का नाम, लिंग, आयु, राशनकार्ड का प्रकार, उचित मूल्य दुकान का क्रमांक तथा राशनकार्ड में दर्ज समस्त सदस्यों की जानकारी सहित इनके ई–केवायसी की स्थिति एप्प के जरिये विभागीय डेटाबेस से तत्काल प्रदर्शित हो जाएगी। हितग्राही के राशनकार्ड में शामिल पीडीएफ में क्यूआर कोड अपठनीय होने की स्थिति में हितग्राही द्वारा अपने राशनकार्ड क्रमांक तथा मोबाईल नंबर को एप्प में दर्ज किया जा सकेगा तथा उसके द्वारा दर्ज मोबाईल नंबर एवं राशनकार्ड में दर्ज मोबाईल नंबर समान होने की स्थिति में नवीनीकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया जा सकेगा।

### आवेदक स्वयं कर सकता है राशन कार्ड नवीनीकरण ई–केवाईसी




वर्तमान में सभी राशनकार्डधारी सदस्यों के ई–केवायसी की कार्यवाही प्रचलित है। शासन कार्ड में शामिल मुखिया अथवा परिवार के किसी भी सदस्य के ई–केवायसी का कार्य पूर्ण होने की स्थिति में आवेदक एप्प द्वारा प्रदर्शित नवीनीकरण हेतु आवेदन के बटन को क्लिक कर आवेदन प्रस्तुत कर सकेगा। यह कार्यवाही पूर्ण होते ही एप्प के जरिये आवेदक को उसके आवेदन को सफलतापूर्वक प्रस्तुत करने संबंधी जानकारी तथा 30 दिवस के भीतर नवीनीकृत राशन कार्ड जारी होने संबंधी सूचना प्राप्त हो जाएगी। शेष आगामी कार्यवाही वर्तमान में राशन कार्ड जारी करने हेतु प्रक्रिया के अनुसार पीडीएफ निर्माण, राशनकार्ड में प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर के उपरांत नवीनीकृत राशनकार्ड जारी किया जाएगा।

### दुकान संचालक के माध्यम से आवेदन प्रस्तुति की प्रक्रिया

सर्वप्रथम उचित मूल्य दुकान संचालकों को खाद्य विभाग के मोबाईल एप्प को अपने टेबलेट में डाउनलोड कर अपनी दुकान की आईडी को पंजीकृत करना होगा। जिसके लिए दुकान संचालकों को उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर में ओटीपी नंबर भेजकर सत्यापन किया जाएगा। उचित मूल्य दुकान संचालक के सफलतापूर्वक पंजीयन के उपरांत उसके दुकान से संलग्न सभी राशनकार्डधारियों तथा इसमें शामिल सदस्यों की जानकारी नवीनीकरण हेतु उपलब्ध हो जाएगी। दुकान संचालक द्वारा उपरोक्त कार्यवाही नेटवर्क कनेक्टिविटी वाले क्षेत्र में ही किया जा सकेगा। हितग्राही के राशनकार्ड में शामिल पीडीएफ में क्यूआर कोड अपठनीय होने की स्थिति में दुकान संचालक हितग्राही के राशनकार्ड क्रमांक एवं हितग्राही के विभागीय डेटाबेस में दर्ज मोबाईल को एप्प में दर्ज कर भी आवेदन प्रस्तुत किया जा सकेगा। किन्तु ऐसी स्थिति में हितग्राही से राशनकार्ड के नवीनीकरण हेतु संचालक खाद्य द्वारा निर्धारित आवेदन पत्र की लिखित प्रति दुकान संचालक द्वारा प्राप्त की जाएगी तथा प्राप्त लिखित आवेदन नवीनीकरण की आगामी कार्यवाही हेतु संबधित ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय में जमा की जाएगी तथा इन आवेदनों की प्राप्ति उपरांत ही छत्तीसगढ़ राशनकार्ड नियम 2016 के अंतर्गत कलेक्टर द्वारा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा राशनकार्ड नवीनीकरण तथा पीडीएफ प्रिंट करने की कार्यवाही की जाएगी।

## अफसरों ने दिया गोल मोल जवाब

### बगैर अवकाश के स्कूल बंद सरपंच ने उठाए सवाल




**भटगांव।** सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के विकासखंड बिलाईगढ़ में संकुल केंद्र धारासिव अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला दर्राभाठा में दो शिक्षक प्रभारी प्रधान पाठक रामकुमार पटेल, विमल कुमार देवांगन पदस्थ है एवं एक सफाई कर्मी पदस्थ है। यहां छात्रों की दर्ज संख्या 42 है। निरीक्षण के दौरान बुधवार को दोपहर 12.30 बजे यह स्कूल बंद पाया गया। जो घोर लापरवाही को दर्शाता है। रामकुमार पटेल प्रभारी प्रधान पाठक द्वारा कहा गया कि कल शैक्षणिक भ्रमण हेतु संबलपुर उड़ीसा गए थे, इस लिए आज स्कूल बंद किए हैं। वहीं इस संबंध में विकासखंड शिक्षा अधिकारी को मोबाइल से बातचीत करने पर उन्होंने कहा स्कूल में ताला लगा है तो इसमें मैं क्या कर सकता हूं। वहीं सरपंच बरत राम यादव ने कहा की स्कूल बंद करना गलत है। इस पर उचित कार्यवाही होनी चाहिए। डीईओ से उनके मोबाइल नंबर पर फोन लगाया गया, लेकिन फोन रिसीव नहीं किया गया। अब देखना है कि बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले दोषी शिक्षकों पर क्या कारवाही होती है या ऐसे ही छोड़ दिया जाता है।

## महिलाओं ने सकट चौथ पर भगवान गणेश की पूजा के बाद चंद्रमा को दिया अर्घ्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन



हिरमी अंचल मोहरा, बरडीह, सकलोर, भालेसुर, भालूकोना, कुथरौद में सकट चौथ पर माताएं अपनी संतान को कष्टों से बचाने और उनकी उन्नति के लिए सूर्योदय से चंद्रोदय तक निर्जला व्रत रखी। सकट चौथ व्रत मंत चंद्रमा की पूजा की रात के समय चंद्रमा को अर्घ्य देने के बाद ही महिलाएं अपना व्रत तोड़ी।

सकट चौथ का व्रत संतान की रक्षा और दीर्घायु के लिए रखा जाता है। माघ महीने में कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को यह व्रत रखा। इस साल सकट चौथ 29 जनवरी सोमवार को मनायी गई। विदित हो कि इसे तिल कुटा चौथ, संकष्टी चतुर्थी, संकटी चौथ और माही चौथ भी कहते हैं। गणेशजी की पूजा–अर्चना कर तिल की लड्डु, बेर चढ़ाने की मान्यता है। इस दिन भगवान गणेश ने देवताओं का संकट दूर किया था। महिलाएं संतान की सुरक्षा और दीर्घायु के लिए यह व्रत रखी। इस दिन भगवान गणेश के साथ चंद्रमा की भी पूजा किये। व्रती महिलाएं चंद्रमा को अर्घ्य देकर विधिवत पूजा की। पौराणिक कथा के मुताबिक, सकट चौथ के दिन ही भगवान गणेश ने माता पार्वती और भगवान शिव की परिक्रमा की थी। मान्यता है कि व्रत से संतान के जीवन के सारे दुख दूर हो जाते हैं। गणेश जी की पूजा और चंद्रदेव को विधि(संतान के लिए गणेश स्तोत्र का पाठ) अनुसार अर्घ्य देने से संतान को लंबी आयु का वरदान मिलता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार सकट चौथ का व्रत और पूजन माताएं अपनी संतान की दीर्घायु और उनके जीवन में कष्टों और बाधाओं को दूर करने की कामना की। संकट चतुर्थी व्रत चंद्रदेव को अर्घ्य देकर महिलाएं की परिवार और संतान की मंगलकामनाएं की।

## सड़क दुर्घटना में घायल बच्ची को लेकर अस्पताल पहुंचे विधायक साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन



स्थानीय थाना अंतर्गत काना कोट व रोहासी के बीच बुधवार को दो बाइक के टक्कर हो गई, जिसमें एक की मौत हो गई। वहीं अन्य लोग घायल हो गए। इस दुर्घटना में घायल नन्हीं बच्ची सड़क के बीच पड़ी थी। इस दौरान वहां से गुजर रहे विधायक संदीप साहू की बच्ची पर नजर पड़ी तो उन्होंने तत्काल वाहन रूकवार बच्ची को उठाया और अस्पताल लेकर पहुंचे।

विदित हो कि क्षेत्र के विधायक संदीप साहू लवन क्षेत्र के ग्राम खेन्दा में लोकार्पण व सम्मान समारोह कार्यक्रम के बाद रायपुर जा रहे थे कि काना कोट व रोहाशी के बीच दो बाइक की टक्कर में एक बाइक चालक की मौत देख दुर्घटना में लगभग डेढ़ वर्ष की घायल अवस्था में सड़क के बीचो–बीच पड़ी बच्ची पर विधायक की नजर पड़ी। वे तत्काल नन्ही बच्ची को अपनी गाड़ी में रखकर लवन अस्पताल पहुंचे। इस बीच लवन पुलिस व संबंधित चिकित्सक को फोन कर सूचित किया। उधर दुर्घटना में घायल एक व्यक्ति व एक व्यक्ति मृतक को एंबुलेंस से लवन लाने के लिए फोन किये। लवन अस्पताल में नन्हीं बच्ची का उपचार जारी है। समाचार लिखे जाने तक एंबुलेंस से बाइक चालक मृतक व घायल अवस्था वाले व्यक्ति को एंबुलेंस से लवन अस्पताल लाया जा चुका था। देर रात मिली जानकारी के अनुसार लवन अस्पताल में नन्ही बच्ची का प्राथमिक उपचार के बाद बच्ची व घायल व्यक्ति को जिला चिकित्सालय बलौदा बाजार के लिए एंबुलेंस से भेज दिया गया है। दो बाइक की टक्कर में हुई भीषण दुर्घटना में घायल व्यक्ति व मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। लवन पुलिस थाना प्रभारी केसर पराग बंजारा ने बताया कि पूछताछ के लिए आसपास के लोगों को अवगत कराया गया है। नन्हीं बच्ची किसकी है यह अभी पता नहीं चल पाया है।

## स्वास्थ्य केंद्र में कुष्ठ निवारण दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

स्व. मोहनलाल चौधरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर एचएल जांगड़े, खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी टीआर धृतलहरे व विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक शीतल सिंह के संयुक्त तत्वावधान में कुष्ठ निवारण दिवस के रूप में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के तैल चित्र में पुष्प अर्पित व दो मिनट का मौन धारण कर मनाया गया। विदित हो कि 30 जनवरी को नाथूराम गोडसे द्वारा महात्मा गांधी की हत्या किया गया था, इसलिए इस दिन को शहीद दिवस तथा महात्मा गांधी द्वारा बिना छुआछूत के कुष्ठ रोगियों की सेवा एवं कुष्ठ रोग के संबंध में उनके योगदान को याद रखने के लिए कुष्ठ निवारण दिवस मनाया जाता है।

इस विषय पर प्रकाश डालते हुए डॉ एचएल जांगड़े द्वारा बताया गया कि सन 1873 में नार्वे के वैज्ञानिक जीएच आर्मर हेंसन ने कुष्ठ रोग की खोज की थी। बताया कि यह रोग माइको बैक्टेरियम लैप्री नामक बैक्टीरिया के संक्रमण से होता है। वर्तमान में एमडीटी चिकित्सा द्वारा कुष्ठ रोग पूर्णतः ठीक हो जाता है। यदि किसी के शरीर में लाल चकता तामिया सुन्नपन वाला दाग हो तो नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र में जांच करवा कर निःशुल्क दवाई प्राप्त करें। बीमारी को छिपाना नहीं चाहिए। कुष्ठ बीमारी छुपाने से व सही समय पर इलाज नहीं कराने पर हाथ पैर में विकृति आ जाता है। इसी कड़ी में टीआर धृतलहरे ने बताया कि कुष्ठ रोग की बीमारी देवी प्रकोप, वंशानुगत, पूर्व जन्म का पाप, अनैतिक आचरण, बुरे कर्म से नहीं होता है। यह संक्रामक और लाइलाज बीमारी भी नहीं है, इसका समुचित इलाज सभी स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध है। परंतु, वर्तमान स्थिति में भी प्रायः यह देखा जाता है कि कुष्ठ रोगी व्यक्ति को सार्वजनिक स्थलों एवं सार्वजनिक कार्यक्रमों से दूर रखा जाता है। इस अवधारणा को समाप्त करने की आवश्यकता है। संयुक्त राष्ट्र की तरफ से 2030 तक एवं भारत सरकार की तरफ से 2027 तक कुष्ठ बीमारी का उन्मूलन किया जाना है।

आम जनता के सार्थक सहयोग का ही परिणाम है कि पोलियो जैसी बीमारी 2014 से भारत से विदा हो चुका है। आगे शीतल सिंह द्वारा बताया गया कि यदि आपके आसपास ऐसे व्यक्ति मिलते हैं जिनके शरीर में किसी भी प्रकार के दाग धब्बे हैं तो उन्हें नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र में भेजना सुनिश्चित करें। शासन द्वारा इस वर्ष 2024 का थीम कुष्ठ रोग को हराओ घोषित किया गया है, जिसका हमें पालन करना है। पूरे छत्तीसगढ़ में कुष्ठ रोगी के हिसाब से महासमुंद जिला का तीसरा स्थान है। कार्यक्रम में डॉ कुणाल नायक, महेश श्रीवास, एमडी वैष्णव, डोलचंद पटेल, रूपचंद साहू एवं सीएचसी के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।




## सशिमं में हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन

स्कूल विद्या का मंदिर है। यहां पढ़ने वाले बच्चों में सच्ची देश भक्ति का निर्माण होता है। नौनिहालों को भारतीय संस्कार दिए जाते हैं। विद्यालय में समाज व देशभक्ति की शिक्षा दी जाती है।

विद्यालय संस्कारों का मंदिर है। यह बात भाजपा सुहेला मंडल के अध्यक्ष शिवकुमार कटारिया ने मोहरा गौठान चौक पर आयोजित सरस्वती शिशु मंदिर द्वारा सास्कृतिक कार्यक्रम में शामिल होने के उपरांत कहीं। विद्यालय के बच्चों ने देशभक्ति व धार्मिक पर्वों पर आधारित 20 से ज्यादा प्रस्तुतियां दी। देर समय तक बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों ने प्रस्तुतियों को निहारा। इस बीच मोहरा के सरपंच साधराम नवरंगे, प्राचार्य सुनीता यादव, आकांक्षा वर्मा, हेमलता यादव, विजय कुमार यादव सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## दतान स्कूल में मनी गांधीजी की पुण्य तिथि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बगबुड़ा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय –दतान (खैरा) में गांधीजी की पुण्य तिथि पर दो मिनट मौन धारण किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने सलामी दी।

संस्था प्रभारी प्राचार्य एवं कार्यक्रम अधिकारी चन्द्र कुमार बंछोर ने गांधीजी के जन्म से लेकर मृत्यु तक के संघर्ष भरी जिंदगी के बारे में छात्र एवं छात्राओं को बताया। महात्मा गांधी ने पुरी दुनिया को अहिंसा के मार्ग में चलने के लिए प्रेरित किया और खुद ही हिंसा के शिकार हो गये। गांधी जी महान थे युगपुरुष थे, गांधी जी कभी भेदभाव नहीं किए, हमेशा सत्य के मार्ग मे चले, उनकी बलिदान एवं सहादत का डंका पुरी दुनिया में याद किया जाता है। मौन दिवस पर संस्था के शिक्षक अनुशवर यादव, चन्द्र प्रकाश निर्मलकर, प्रेमेशवरी नेताम,शाला नायक लंकेश्वरी निषाद,हसीना महिलाग, जागृति वैष्णव,हेमीन चेलक, अंजु मिरी स्वयंसेवक उपस्थित थे।

## आत्मानंद अंग्रेजी महाविद्यालय का विवि समिति ने किया निरीक्षण



**महासमुंद।** प्राचार्य अनुसुइया अग्रवाल के मार्गदर्शन में स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय महासमुंद का संबद्धता के लिए निरीक्षण कार्य कराया गया। निरीक्षण समिति ने महाविद्यालय के नोडल अधिकारी अजय राजा सहायक प्राध्यापक वाणिज्य शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातक उत्तर महाविद्यालय महासमुंद की अगुवाई में महाविद्यालय में उपलब्ध सभी व्यवस्थाओं की बारीकी से जांच की।

डॉ संजय कुमार पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा गठित तीन सदस्यीय निरीक्षण समिति के संबंधवायक के रूप में समिति का नेतृत्व किया। समिति में डॉ संजय कुमार पंडित रविशंकर शुक्ल विवि कंप्यूटर अध्ययनशाला, डॉ मधुलता बारा पंडित रविशंकर शुक्ल विवि हिंदी साहित्य अध्ययन शाला तथा डॉ मधु श्रीवास्तव शासकीय दूधाधारी बजरंग महिला स्नातक उत्तर महाविद्यालय रायपुर शामिल रहे। महाविद्यालय में बीए प्रथम वर्ष कला संकाय में आधार पाठ्यक्रम, हिंदी एवं अंग्रेजी भाषा, अंग्रेजी साहित्य, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र तथा राजनीति शास्त्र के साथ कुल 60 सीटों पर प्रवेश उपलब्ध है। बीएससी प्रथम वर्ष गणित समूह में आधार पाठ्यक्रम हिंदी एवं अंग्रेजी भाषा, रसायन शास्त्र गणित भौतिक शास्त्र के साथ कुल 60 सीटों पर प्रवेश उपलब्ध है। बीएससी कंप्यूटर साइंस प्रथम वर्ष में आधार पाठ्यक्रम हिंदी एवं अंग्रेजी भाषा, गणित कंप्यूटर तथा भौतिक शास्त्र के साथ कुल 60 सीटों पर प्रवेश उपलब्ध है। बीकॉम वाणिज्य संकाय प्रथम वर्ष में आधार पाठ्यक्रम हिंदी एवं अंग्रेजी भाषा बीकॉम कंप्यूटर के साथ कुल 90 सीटों पर प्रवेश उपलब्ध है। उक्त चारों संकायों की संबद्धता हेतु प्रतिवेदन तैयार करने के उद्देश्य से निरीक्षण समिति आज उपस्थित हुई। पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय उप कुलसचिव अकादमिक के निर्देशनानुसार समिति ने महाविद्यालय परिसर तथा महाविद्यालय में उपलब्ध सभी मूलभूत आवश्यकताओं तथा सुविधाओं का जायजा लिया। महाविद्यालय के रसायन शास्त्र प्रयोगशाला, भौतिक शास्त्र प्रयोगशाला, कंप्यूटर लैब, ग्रंथालय की किताबें, पेयजल व्यवस्था, इंटरनेट, खेल के मैदान, विद्यार्थियों की संख्या, शिक्षकों की संख्या, अध्ययन अध्यापन की सुविधाए स्वच्छता एवं शौचालय व्यवस्था आदि का गहनता ूर्वक निरीक्षण किया। आंतरिक एवं बाह्य निरीक्षण के उपरांत निरीक्षण समिति महाविद्यालय सभागार में विद्यार्थियों से रूबरू हुए। समिति के सदस्यों ने विद्यार्थियों से महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं तथा समस्याओं के संदर्भ में बातचीत की तथा उन्हें विश्वविद्यालय नियमों तथा अधिनियमों से भी अवगत कराया। निरीक्षण समिति के तीनों सदस्यों ने अपने-अपने संकाय के विद्यार्थियों से अध्ययन अध्यापन संबंधी चर्चा करते हुए विषय संबंधी व्याख्यान भी प्रदान किए। डॉ संजय कुमार ने बीकाम कंप्यूटर एप्लीकेशन तथा बीएससी कंप्यूटर साइंस की संबंधी प्रतिवेदन तैयार किया। डॉ संजय कुमार के ही निर्देशन में डॉ मधुलता बारा ने कला संकाय बीए तथा डॉ मधु श्रीवास्तव ने विज्ञान संकाय बीएससी गणित विभाग की संबद्धता संबंधी प्रतिवेदन तैयार किया। महाविद्यालय की मुखिया प्राचार्य डॉ अनुसुइया अग्रवाल ने समिति को निरीक्षण के लिए अपना महत्वपूर्ण समय देने तथा सुझाव प्रदान करने के लिए आभार व्यक्त किया।

## पेज 7 के शेष...

### बिना अनुमति डीजे...

बाद ही डीजे बजाने तथा रात 10 से सुबह 6 बजे तक डीजे नहीं बजाने की सख्त चेतावनी दी।थाना प्रभारी ने बताया कि आगामी कुछ दिनों में 10वीं व 12वीं बोर्ड की परीक्षा होनी है। इसके मद्देनजर बच्चों की पढ़ाई कोलाहल की वजह से प्रभावित नहीं होनी चाहिए। साथ ही कोई भी संचालक बिना अनुमति डीजे या धुमाल बजाते पकड़ा जाता है तो उसके ऊपर कोलाहल अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी एवं उसके बाद भी यह कृत्य दोहराया गया तो जुर्माने के अलावा वाहन राजसात की कार्रवाई की जाएगी।

### जिले में अब 4 फरवरी...

प्रत्येक शनिवार को उपार्जन केन्द्रों में लेखा मिलान और रविवार को सामान्य अवकाश के कारण खरीदी बंद रहती है। ऐसा पहली बार होगा कि 3 फरवरी शनिवार और 4 फरवरी रविवार को भी किसान उपार्जन केन्द्रों में अपना धान बेच सकेंगे। राज्य के किसान प्रतिनिधियों एवं किसान संगठनों ने मुख्यमंत्री के इस फैसले का स्वागत किया है और कहा है कि किसानों के हित में मुख्यमंत्री साय का यह संवेदनशील निर्णय है।

### दामाखेड़ा में 14 से 25...

के लिए बांस–बल्ली की व्यवस्था वन विभाग द्वारा उपलब्ध करायी जाएगी। उक्त बैठक में जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन, डीएफओ मयंक अग्रवाल, अपर कलेक्टर बीसी एक्का, एसडीएम रोमा श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### आम सूचना

मैं अपने पक्षकार से निर्देशित व अधीकृत होकर सर्वसाधारण को यह आम सूचना प्रकाशित कर रहा हूं कि मेरे पक्षकार के द्वारा ग्राम मोहभट्ठा, प.ह.नं. 21, रा.नि.मं. जरौद, तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नं. 380/67, रकबा 0. 202 हेक्टेयर एवं 380/76, रकबा 0. 202 हेक्टेयर एवं 380/102 रकबा 0. 486 हेक्टेयर कुल रकबा 0.890 हेक्टेयर भूमि स्वामी श्री सरजू साहू पिता श्री बैसाखू साहू, निवासी ग्राम मोहभट्ठा, प.ह.नं. 21, रा.नि.मं. जरौद, तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) से भूमि क्रय करने का पक्का सौदा किया है। इस सौदे में एडवांस बतौर विक्रेता भूमि स्वामी को अग्रिम राशि का भुगतान किया जा चुका है। तथा निकट भविष्य में उक्त भूमि का रजिस्ट्री निष्पादन किया जाना है। इस भूमि के सौदे के संबंध में यदि किसी संस्था, बैंक, शासकीय व अर्धशासकीय निकाय या किसी व्यक्ति विशेष को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में दस्तावेज सहित प्रस्तुत कर सकते है । नियत तिथि के बाद प्रस्तुत किये जाने वाले दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा और वह अमान्य होगा।

**सो सूचना जाने।**

**भवदीय**
**वरुण सिंह ठाकुर**
**पता :- LIG-204, हाऊसिंग बोर्ड कालोनी देवरीखुर्द, बिलासपुर (छ.ग.)**
**मोबाईल नं. 9827174240**
















संकलनकर्ता- भानु प्रताप साहू, हरिभूमि संवाददाता कसडोल, जिला-बलौदाबाजार, भाटापारा (छ.ग. )मो. 9584860177

## खबर संक्षेप

### राहुल बने नेहरू युवा केंद्र के सदस्य



**भवानीपुर।** नेहरू युवा केन्द्र संगठन के जिला सलाहकार समिति में अंचल के भाजपा युवा मोर्चा सदस्य राहुल चन्द्राकर को शामिल किया गया है। उन्हें सदस्य बनाये जाने पर योगेश चन्द्राकर, विपिन बिहारी वर्मा, दुर्गा महेश्वर, ओमप्रकाश चन्द्रवंशी, तेजराम वर्मा, यशवर्धन वर्मा, नंदकुमार वर्मा, महेन्द्र साहू, भीष्मदेव सोनवानी, नरोत्तम बघेल, रवि ध्रुव, पुनीत वर्मा, हेमंत साहू, अनुप साहू, चरणदास तेहरवंश, पवन वर्मा, शिव यदु, डागेश्वर पप्पु वर्मा, विजय कोसले, नरेन्द्र वर्मा, लोकेश्वर वर्मा, ओंकेश्वर वर्मा, कृतराम वर्मा, केजुराम ने बधाई दी है।

### श्रीमद् भागवत कथा में श्रीकृष्ण जन्म एवं नंद उत्सव मनाया



**हिरमी-रावन।** मोहरा समीप ग्राम भिलौनी में आयोजित श्रीमद भागवत कथा में पं. उपेंद्र शर्मा ने श्रीकृष्ण जन्म की कथा का वर्णन करते हुए बताया कि कंस की कारागार में वासुदेव–देवकी के भादो मास की अष्टमी को रोहिणी नक्षत्र में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था। उनका लालन–पालन नंदबाबा के घर में हुआ था। इसलिए नंदगांव में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। श्रीकृष्ण ने अत्याचारी कंस का वध करके पृथ्वी को अत्याचार से मुक्त किया और अपने माता–पिता को कारागार से छुड़वाया। कृष्ण जन्म की खुशी में कथा स्थल को विशेष रूप से सजाकर माखन मिश्री का प्रसाद वितरण किया गया तथा भक्तों ने नाच कूदकर नंदोत्सव मनाया।

### भारत माता वाहिनी समूह ने नशामुक्ति जागरुकता रैली निकाली



**बलौदाबाजार।** महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर 30 जनवरी को ग्राम पंचायत भरसेला (बड़ा) में समाज कल्याण विभाग द्वारा नशामुक्ति कार्यकम आयोजन किया गया। इसमें समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित भारत माता वाहिनी समूहों द्वारा नशामुक्ति जागरुकता रैली एवं प्रचार–प्रसार कार्यकम का आयोजन किया गया। भारत माता वाहिनी समूह रैली में सम्मिलित होकर ग्राम वासियों को नशामुक्त होने के लिए प्रोत्साहित किया गया तथा बलौदाबाजार विकासखण्ड अन्तर्गत ग्राम भरसेला (बड़ा) में भारत माता वाहिनी समूह योजना के अध्यक्ष, सचिव एवं सदस्यों को विभागीय योजनाओं की संपूर्ण जानकारी दी गई साथ ही योजनाओं के बैनर, पाम्प्लेट भी वितरण किए गये। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव, पंचगण, समाज शिक्षा संगठक एवं जनपद पंचायत बलौदाबाजार के कर्मचारी एवं समाज कल्याण विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थिति थे।

# अंचल में मना सकट चौथ, महिलाओं ने संतान की लंबी आयु के लिए रखा व्रत

## भगवान गणेश के प्रति आस्था प्रगट करने के लिए रखा जाता है यह व्रत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

अंचल में सकट चौथ पर्व पर महिलाओं ने बच्चों की लंबी आयु के लिए उपवास रखा। सकट चौथ के दिन भगवान श्रीगणेश गौरी–गौरा की विशेष विधि–विधान के साथ पूजा–अर्चना की गई। सकट चौथ के दिन माताओं ने अपनी संतान की लंबी आयु की कामना के लिए भगवान गणेश की उपासना की। भगवान गणेश को समर्पित यह व्रत चंद्रमा को अर्घ्य देने के बाद ही व्रत पूर्ण माना जाता है। हिंदू पंचांग के अनुसार माघ मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि पर सकट चौथ का व्रत रखा जाता है। सोमवार को ग्रामीण क्षेत्रों में भी माताएं अपनी संतान की लंबी आयु, अच्छे स्वास्थ्य और जीवन में सुख समृद्धि की कामना के लिए सकट चौथ का व्रत रखा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सकट चौथ का व्रत भगवान गणेश के प्रति अपनी आस्था प्रगट करने के लिए मनाया जाता है। इसमें गाय के दूध और गोबर का प्रयोग किया जाता है, जिनका बछड़ा जन्मा हो जिससे भगवान जल्दी प्रसन्न होते हैं। मनोकामना पूरी करते हैं घर के आंगन में छत पर चौक पूरा गया। गोबर का 2 नाव बनाया गया। एक नाव में दुब अवम ओवन तील अर्पण किया गया। दूसरे नाव में दूध और बेलपत्र अर्पण किया गया। महिलाएं अपने साड़ी के पल्लू से जल अर्पण की, जिसमें जल पुत्र द्वारा दिया जाता है या पति द्वारा दिया जाता है। विधि विधान से पूजा अर्चना कर महिलाएं अपने पुत्र बच्चों के लिए लंबी आयु का वरदान मांगे।



### भगवान गणेश को मोदक, लड्डू अर्पित

प्रत्येक वर्ष माघ के महीने में सकट चौथ के दिन भगवान गणेश को मोदक, लड्डू और दूर्वा अर्पित किया जाता है। इस दिन गणेश स्तुति, गणेश चालीसा और सकट चौथ व्रत कथा का पाठ किया जाता है। ज्योतिषियों के अनुसार सकट चौथ व्रत में माताएं अपनी संतान की लंबी आयु और सुख–समृद्धि की कामना के लिए दिनभर उपवास रखती है। मान्यता है कि सकट चौथ का व्रत रखने और भगवान गणेश की पूजा–अर्चना करने से संतान के ऊपर आने वाले सभी संकट दूर हो जाते हैं। इस बार भी सकट चौथ पर महिलाएं दिनभर व्रत रखी और रात के समय भगवान गणेश की पूजा करने के बाद चंद्रमा के दर्शन करते हुए उन्हें जल अर्पित कर व्रत का पारण किया। पूजा के दौरान तिल के लड्डू के अलावा गणेश जी को बूंदी के लड्डू के भोग, गन्ना, शकरकंद, गुड़, तिल से बनी वस्तुएं, गुड़ से बने हुए लड्डू और घी अर्पित किया गया। महिलाएं उपवास में केवल तिल के लड्डू का ही प्रसाद ग्रहण करती है। बहुत ही धूमधाम से आंचल में सकट चौथ का पर्व मनाया गया।

## शपथ के साथ शुरू हुआ जिले में स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान

# कुष्ठ मरीजों के साथ भेदभाव नहीं सदभावना रखें सहयोग करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर चंदन कुमार ने कुष्ठ के मरीजों के साथ किसी प्रकार का भेदभाव न करने, उन्हें सहयोग करने, संभावित मरीजों की शीघ्र पहचान करने, कलंक को समाप्त करने, गरिमा को अपनाने की शपथ सभी अधिकारियों को दिलाई। इसके साथ ही स्पर्श कुष्ठ जागरूकता पखवाड़ा की जिले में शुरुआत की गई। उक्त अभियान महात्मा गांधी के निर्वाण दिवस 30 जनवरी से लेकर यह पखवाड़ा अगले 2 सप्ताह तक चलेगा। इस बारे में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एमपी महिस्वर के अनुसार इस कार्यक्रम के अंतर्गत इस वर्ष की थीम कलंक को हटाना, गरिमा को अपनाना निर्धारित किया गया है। इस कार्यक्रम अंतर्गत अन्य विभागों जैसे–पंचायत, महिला बाल विकास, शहरी विकास, सामाजिक न्याय और अधिकारिता से समन्वय स्थापित कर ग्रामसभा आयोजित की जाएगी, जिसमें कुष्ठ संदेश का वाचन किया जाएगा।



### कुष्ठ मरीजों के साथ भेदभाव न करें

कुष्ठ एक रोग मात्र है, ऐसे में किसी मरीज के साथ भेदभाव करना पूरी तरह से गलत है। कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में समय–समय पर मरीजों को पीओडी कैम्प के माध्यम से किसी भी प्रकार की विकृति न हो इस पर जागरूक भी किया जाता है। कैम्प में जल, तेल उपचार, सेल्फ केयर किट जिसमें तेल, एंटीसेप्टिक क्रीम, लोशन, बैंडेज, कॉटन कैंची होता है यह नि.शुल्क प्रदान किया जाता है। मरीज को विशेष चप्पल भी दी जाती है। रायपुर में लालपुर के क्षेत्रीय कुष्ठ अनुसंधान केंद्र में आरसीएच सर्जरी भी की जाती है, जिसमें विकृति को ठीक करने का प्रयास होता है। इस वर्ष चार मरीज इसका लाभ ले चुके हैं। उक्त शपथ के दौरान जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन, डीएफओ मयंक अग्रवाल, अपर कलेक्टर बीसी एक्का सहित जिले के सभी अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### पिछले वर्ष मिले 285 मरीज

राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी के अनुसार जिले में अप्रैल 2023 से लेकर अब तक 285 नए केस निकल चुके हैं, जिसमें 278 वयस्क और 7 बच्चे हैं। कुल केस में 117 एम बी कुष्ठ के हैं और शेष पीबी हैं। एक लाख पर वार्षिक केस दर 21.05 है। गौरतलब है कि कुष्ठ रोग एक संक्रामक रोग है, जो माइको बैक्टीरियम लेप्री नामक जीवाणु के कारण होता है। यह मुख्य रूप से शरीर मे त्वचा, तंत्रिका, ऊपरी स्वशन पथ नाक को अधिक प्रभावित करता है। त्वचा पर लाल धब्बे, घाव, हाथ पैरों में सुन्न पन, पैरों के तलवों में छाले, मांशपेशियों की कमजोरी ये कुछ लक्षण हैं, जिससे कुष्ठ की पहचान हो सकती है। इस रोग में संक्रमण के कई वर्षों तक मरीज में लक्षण नहीं आते। यदि समय पर इलाज नहीं किया गया तो इससे अक्षमता, शरीर में विकृति, स्थायी तंत्रिका क्षति हो सकती है। कुष्ठ का जांच–इलाज हर शासकीय स्वास्थ्य केंद्र में मुफ्त उपलब्ध है। मल्टी ड्रग थेरेपी जिसे एमडीटी भी कहा जाता है के माध्यम से 6 माह से 12 माह की दवाई का कोर्स कर व्यक्ति ठीक हो जाता है। समय पर पहचान हो जाये तो विकृति को भी रोका जा सकता है।

# प्राथमिक शाला में छात्रों ने प्रस्तुत किया सांस्कृतिक कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

संकुल केंद्र पचरी विकासखंड तिल्दा-नेवरा के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला मधईपुर में विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संकुल प्राचार्य प्रकाश गिलहरे एवं संकुल समन्वयक कांत कुमार कन्नौजे ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आयोजन की अध्यक्षता सरपंच ग्राम पंचायत मोतीमपुर कला कचरा दिलीप मारकंडे एवं उपसरपंच कुमार सायतोड़े ने की। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं शैक्षणिक गतिविधियां प्रस्तुत की गई, जिसे ग्रामवासियों ने खूब सराहा। इस अवसर पर शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष प्रेम दास टंडन, संस्था प्रभारी प्रधान पाठक विनोद कुमार देवांगन एवं शिक्षक लोकेश कुमार ध्रुव, रोशन साहू तथा संजीत भगत का विशेष योगदान रहा। उक्त जानकारी संकुल के मीडिया प्रभारी धीरेंद्र कुमार वर्मा द्वारा दी गई।

# स्कूल में हुआ अंगना म शिक्षा कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

तिल्दा नेवरा, संकुल केंद्र बेलदार सिवनी के अंतर्गत प्राथमिक शाला माठ में अंगना म शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रभारी यामीन वर्मा एवं मंजू लता देवांगन के नेतृत्व में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसमें भाषाई व गणतीय कौशल के बारे में माताओं को बताया गया कि माताओं को स्कूल से कैसे जोड़ा जाना है। इसमें माता को स्कूल से जोड़ा जाना इसका मुख्य उद्देश्य है। कार्यक्रम में ग्राम के माताओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

इसमें गणितीय कौशल के बारे में खेल खेल के माध्यम से माताओं को भाषा एवं गणितीय कौशल के बारे में बताया गया। प्रधानपाठक मनोज कुमार बघेल एवं संकुल समन्वयक संजय वर्मा ने संयुक्त रूप से कहा कि यह महत्वपूर्ण कार्यक्रम विशेष रूप से माताओं को विद्यालय से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है।



# डीईओ व बीईओ कार्यालय में संलग्न शिक्षकों को कार्यमुक्त करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

कलेक्टर केएल चौहान ने सारंगढ़ स्थित बीईओ और डीईओ कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने ने वहा कार्यालय की साफ-सफाई, रख-रखाव, कामकाज का आकस्मिक निरीक्षण किया। श्री चौहान ने दोनों कार्यालय में स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत कार्यरत सभी शाखा के लिपिक और ऑपरेटर से उनका परिचय और क्या-क्या कार्य करते है कि जानकारी ली। श्री चौहान ने अधिकारियों को निर्वाचन या उसके पूर्व दोनों कार्यालय में संलग्न शिक्षकों को कार्यमुक्त कर वापस उनके विद्यालय में भेजने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, एबीईओ मुकेश कुर्रे उपस्थित थे।

# धान भंडारण और लोडिंग का कार्य समय पर कराये विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार-सरसीवां



कलेक्टर चौहान ने समय सीमा की बैठक में उपस्थित सभी विभागीय अधिकारियों को आनलाइन पोर्टलों में लंबित आवेदनों के निराकरण की स्थिति की विभागवार समीक्षा की एवं निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सर्वप्रथम धान भंडारण कार्यों के संबंध में जानकारी ली एवं धान भंडारण एवं लोडिंग का कार्य प्राथमिकता में लेकर समय पर करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कहा कि राशन कार्ड में आधार लिंक की प्रकिया समय-सीमा में शत-प्रतिशत करना सुनिश्चित करें। इसके पश्चात कलेक्टर ने मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत गतिविधियों को अच्छे से करने के निर्देश दिए। उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश भारद्वाज ने निर्वाचन कार्य अंतर्गत एफएलसी कार्यों से संबद्ध सभी विभागीय अधिकारियों को अपने दायित्वों के संबंध में सूचित कर सभी कार्यों को समय पर करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत प्राप्त शिकायतों का समय पर निराकरण करने को कहा। साथ ही स्वच्छ भारत मिशन संबंधी कार्यों को प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। इसके बाद कलेक्टर ने किसान किताब और आधार प्रविष्टि के मामले, डिजिटल हस्ताक्षरित खसरा, आधार प्रविष्ट, अविवादित और विवादित खाता विभाजन एवं अविवादित और विवादित नामांतरण अंतर्गत लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए आंकड़ों की समीक्षा करते हुए आगामी दिनों में इन सभी मामलों के त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही नक्शा बंटाकन और अभिलेख शुध्दता रिपोर्ट के कार्यों की समीक्षा की एवं पटवारियों और राजस्व निरीक्षकों की सहायता से कार्य की गति बढ़ाने को कहा। इसके अलावा मनरेगा संबंधी कार्य, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना, अवैध निर्माण, मत्स्य विभाग, आयुष्मान कार्ड, जननी सुरक्षा योजना, मातृ वंदना योजना, जननी शिशु सुरक्षा योजना, बाल संदर्भ योजना, सरिया क्षेत्र में आक्सीजोन एवं मुक्तिधाम का निर्माण एवं ग्रामीण विकास विभाग के निर्माण संबंधी कार्यों के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, संयुक्त कलेक्टर मोनिका वर्मा, प्रकाश भारद्वाज, टी आर माहेश्वरी, एसडीएम सारंगढ़ वासु जैन, डॉ. स्निग्धा तिवारी, परियोजना अधिकारी हरिशंकर चौहान, साथ ही अन्य समस्त विभागों के विभाग प्रमुख उपस्थित रहे।

■ कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक में विभागावार कार्यों की समीक्षा की

## जिले को कुष्ठ मुक्त बनाने में जुटा जिला प्रशासन

# कलेक्टर चौहान ने दिलायी कुष्ठ जागरूकता की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार-सरसीवां

कलेक्टर केएल चौहान ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कुष्ठ जागरूकता अभियान के संबंध में उपस्थित सभी विभागीय अधिकारियों को शपथ दिलायी। कलेक्टर ने शपथ दिलाया कि – हम सारंगढ़–बिलाईगढ़ जिले के लोग और जिला प्रशासन विकसित भारत अभियान के मौके पर यह घोषणा करते हैं कि हम अपने जिले को कुष्ठ रोग से मुक्त बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। कुष्ठ रोग का निदान करना आसान है और इसका इलाज संभव है। हम कुष्ठ रोग के सभी मामलों को यथाशीघ्र खोजने के लिए यथा प्रयास करेंगे और हम जिले में उपलब्ध सभी संभावित संसाधनों का उपयोग करेंगे। साथ ही हम कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्तियों और उनके परिवार के सदस्यों के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं करेंगे और दूसरों को भी करने की अनुमति नहीं देंगे। हम व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्तियों के खिलाफ कलंक और भेदभाव को समाप्त करने के लिए काम करेंगे और उन्हें मुख्य धारा में लाने में योगदान देंगे। हम सभी कलंक को समाप्त करने गरिमा को अपनाने के लिए कलंक और भेदभाव के प्रति शून्य सहिष्णुता की प्रतिज्ञा करते हैं।






